# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025





Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS*
"इरादे बड़े हों
तो कुछ भी नामुमकिन नहीं"
नई HF Deluxe Pro
एच एफ डीलक्स - नए इंडियन की डीलक्स बाइक
धनतेरस पर सुनिश्चित डिलीवरी के लिए अभी बुक करें
GST लाभ | ₹4 976^
पुराना एक्स-शोरूम ₹63 688#
नया एक्स-शोरूम ₹58 712#
सेगमेंट में पहला* LED हेडलैंप
सेगमेंट में पहला* डिजिटल कंसोल
नए ग्राफिक्स
बेहतरीन माइलेज
SCAN TO KNOW MORE
डाउन पेमेंट @ ₹999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹1800$ तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*
Additional offers on Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. *As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Raipur.
TOLL FREE 1800 266 0018
VML.5840.2025HIN

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025






मेन्स वियर | लेडीज वियर | किड्स वियर | होम फर्निशिंग | लगेज, बैग | जनरल मर्चेंडाइज

छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर । आरंग भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड । दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव । नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड । बिलासपुर । भाटापारा । सिमगा । खरोरा । बालोद राजनांदगांव । डोंगरगढ़ । बेमेतरा । कवर्धा । महासमुंद । सरायपाली । बागबाहरा । धमतरी । कांकेर । कोण्डागांव ।। उड़ीसा - खरियार रोड । नुआपाड़ा ।। मध्यप्रदेश - बालाघाट । धामनोद

FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025






### प्रदेश के मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम साव, वित्त मंत्री चौधरी, गजेंद्र यादव समेत छग के कई नेता हुए नामांकन में शामिल

# नितिन के नामांकन में दिखी बिहार और छत्तीसगढ़ की आत्मीयता, साय ने कहा-फिर बनेगी एनडीए की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटना

**भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने गुरुवार को बिहार के बांकीपुर से अपना नामांकन भरा। नामांकन रैली में उनके साथ छत्तीसगढ़ का कारवां भी रहा। वे जब घर से निकले तो आत्मीयता भी साथ चली। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर व बिहार के करीबी तो उनके साथ थे ही, छत्तीसगढ़ की सरकार भी साथ रही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, सुशांत शुक्ला, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के समेत कई नेता नामांकन में शामिल हुए। नामांकन के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलेगा और फिर से सरकार बनेगी।**

श्री साय ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने उल्लेखनीय विकास हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय बिहार प्रवास के दौरान एनडीए के पक्ष में नामांकन समारोह एवं आमसभा में शामिल हुए। श्री साय नामांकन से पूर्व नितिन नवीन के पिताजी स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री और तारापुर से एनडीए प्रत्याशी सम्राट चौधरी और मुंगेर से प्रत्याशी कुमार प्रणय के नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासपरक विजन के लिए मतदान करने की अपील की।



## साय का कांग्रेस पर हमला

श्री साय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा, कांग्रेस का असली चरित्र जनता के सामने है। वे समूचे बिहार में कहीं भी रेस में भी नहीं है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, भूपेश बघेल पहले भी कई राज्यों के प्रभारी बनकर जा चुके हैं और वहां बड़ी-बड़ी बातें की हैं। जिन राज्यों के वे प्रभारी रहे, वहां कांग्रेस के पक्ष में क्या परिणाम रहा, यह पूरा देश जानता है। भाजपा की सरकार जहां भी होती है, वहां सिर्फ विकास होता है। मुंगेर विधानसभा में कुमार प्रणय के नामांकन आमसभा शामिल होकर उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा, भाजपा को दिया गया हर वोट बिहार को विकास की ओर ले जाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद अनुराग ठाकुर, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, सुशांत शुक्ला, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के सहित बिहार के विधायक एवं भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिहार और छत्तीसगढ़ का आत्मीय और भावनात्मक संबंध

श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ और बिहार का भौगोलिक संबंध तो है ही, साथ ही बिहार की धरती माता सीता का मायका है और छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल तथा माता कौशल्या का मायका है। हमारे यहां भगवान श्रीराम को भांजा माना जाता है। इस तरह बिहार और छत्तीसगढ़ का आत्मीय और भावनात्मक संबंध भी है। मुख्यमंत्री ने साय कहा, आज मतदाताओं और कार्यकर्ताओं ने भी दोनों हाथ उठाकर भारी संख्या में अपना आशीर्वाद दिया है। हमारे देश में नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास उनका नारा है। आप देख रहे हैं कि किस तरह वे 24 घंटे में 18 घंटे देश के लिए काम करते हैं। मेरा सौभाग्य रहा कि जब 2014 में वे प्रधानमंत्री बने, तो मैंने उनके साथ काम किया। अपने पहले कार्यकाल में सबसे पहले उन्होंने गरीबों को उठाने का काम किया। उन्हें घर दिया, बिजली पहुंचाई, घर-घर शौचालय बनवाए, हमारी माताओं-बहनों को गैस सिलेंडर प्रदान किए और धुएं से मुक्ति दिलाई। उन्होंने एक सशक्त और मजबूत भारत का निर्माण किया, जिसे पूरी दुनिया आज सम्मान और गर्व से देखती है। ऐसा भारत जो पहले किसी को छेड़ता नहीं, और अगर कोई छेड़े तो छोड़ता नहीं।

### मुख्यमंत्री की पहल पर निर्णय

# शासकीय कर्मियों को दिवाली से पहले मिलेगा अग्रिम वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य शासन ने अपने शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अक्टूबर का वेतन 17 एवं 18 अक्टूबर को अग्रिम रूप से भुगतान करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सभी विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे लिए शासन केवल तंत्र नहीं, बल्कि उन कर्मठ साथियों का परिवार है, जो पूरे मन से जनता की सेवा में लगा है। दीपावली पूर्व अग्रिम वेतन भुगतान का यह निर्णय उसी आत्मीयता का प्रतीक है कि सरकार अपने हर साथी की खुशियों में सहभागी बने और हर घर में उजियारा तथा प्रसन्नता फैले। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व प्रसन्नता, एकता और उत्साह का प्रतीक है। शासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी इस पर्व को परिवार सहित उल्लासपूर्वक मना सके और किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े।

## अवकाश के दिन भी खुलेंगे कोषालय

वेतन भुगतान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए राज्य के सभी कोषालय एवं उपकोषालय 18 अक्टूबर (शनिवार, अवकाश दिवस) को भी खुले रहेंगे, ताकि किसी कर्मचारी को भुगतान प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। राज्य शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि मजदूरी, मानदेय एवं पारिश्रमिक जैसे अन्य मदों में भी नियमानुसार अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा।

## कर्मचारियों की खुशियों और सम्मान से जुड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का हर निर्णय अपने कर्मठ साथियों की खुशियों और सम्मान से जुड़ा है। दीपावली से पहले अग्रिम वेतन भुगतान उसी आत्मीय भावना का प्रतीक है कि हर घर में उजियारा फैले और हर हृदय में प्रसन्नता एवं विश्वास का दीप जले।

## व्यापारिक गतिविधियों में आएगी तेजी

मुख्यमंत्री ने कहा, दीपावली पूर्व अग्रिम वेतन भुगतान से न केवल शासकीय कर्मचारियों को आर्थिक सुविधा और राहत प्राप्त होगी, बल्कि इससे जीएसटी बचत उत्सव के दौरान राज्य के बाजारों में रौनक, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि और आर्थिक प्रवाह में तीव्रता आएगी। इससे स्थानीय व्यापारियों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों को भी प्रत्यक्ष लाभ होगा तथा राज्य की अर्थव्यवस्था में उत्सव और विश्वास का वातावरण बनेगा।

### दुर्ग नगर निगम का था वाहन

# हाईवा ने स्कूटी सवार दो को कुचला, गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत पटेल चौक में निगम के हाईवा सीजी 7 सीजेड 4314 ने स्कूटी सवार दो लोगों को कुचल दिया। दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद दुर्ग निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। खबर है कि रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से चौपाटी एसएलआरएम सेंटर से कचरा उठाकर पुलगांव एस एल आर एम सेंटर पहुंचाया जा रहा था। इस दौरान हाईवा से हादसा हुआ।



पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े 9 बजे स्कूटी सीजी 07 सीवाई 5899 में सवार होकर तीन लोग इंदिरा मार्केट से गंजपारा की ओर जा रहे थे। स्कूटी में अटल आवास कुंदरा पारा निवासी कुलेश्वर साहू, सलमा खान, कुमुंदनी सौरी सवार थे। जैसे ही पटेल चौक पहुंचे। बस स्टैण्ड की ओर से आ रहा हाइवा ने जोरदार ठोकर मारी। हादसे में कुलेश्वर, सलमा, कुमुंदनी सड़क पर गिर पड़े। घटना में कुलेश्वर, सलमा को गंभीर रूप से चोट आई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कुमुंदनी का उपचार जारी है। तीनों गुपचुप खाकर घर लौट रहे थे। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹93259/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹113900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹124333/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## 13 निगम मंडल के अध्यक्षों को कैबिनेट, 22 को राज्यमंत्री का दर्जा

रायपुर। राज्य शासन ने 13 निगम मंडल अध्यक्षों को कैबिनेट और 22 को राज्यमंत्री का दर्जा दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका आदेश जारी किया है। नियुक्ति के साढ़े छह माह बाद राज्य शासन ने यह निर्णय लते हुए आदेश जारी किया है। जिन लोगों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है, उनमें अनुराग सिंहदेव, भूपेंद्र सवन्नी, चंदूलाल साहू, केदार नाथ गुप्ता, नीलू शर्मा, राजा पांडेय, राजीव अग्रवाल, राम प्रताप सिंह, राकेश पांडेय, रामसेवक पैकरा, संजय श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, ▶▶| शेष पेज 4 पर

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025




# सीएम के सामने आज हथियार डालेंगे 200 से ज्यादा नक्सली

## नक्सलियों के उखड़े पांव बस्तर में सबसे बड़ा समर्पण

*बस्तर के बड़े इलाके से नक्सलियों के पैर तकरीबन उखड़ गए हैं। शुक्रवार को जगदलपु मुख्यालय में नक्सलियों की सबसे बड़ी खेप समर्पण करने वाली है। इसके लिए नक्सली इंद्रावती नदी पार कर जगदलपुर कूच कर चुके हैं। कुछ माओवादी जगदपुर पहुंच भी गए हैं। उनको बस से यहां लाया गया है। खबर है, रावघाट, कोयलीबेड़ा समेत माड़ डिविजन के दूसरे हिस्सों से नक्सली लीडर्स के साथ 200 माआवोदी हथियार डालेंगे। यह माना जा रहा है कि जगदलपुर पुलिस लाइन में शुक्रवार को यह सबसे बड़ा नक्सल समर्पण होगा।*

### आज सुबह 11 बजे पुलिस लाइन जगदलपुर में पुनर्समावेशन समारोह

### *नदी के रास्ते भैरमगढ़ पहुंचने के बाद तीन बस से जगदलपुर पहुंचे माड़ डिविजन के 140 नक्सली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समर्पण करने वाले नक्सलियों में करोड़ों के ईनामी एक केन्द्रीय समिति सदस्य, नक्सल प्रवक्ता, माड़ डिवीजन सचिव के अलावा सबसे मजबूत माने जाने वाले रावघाट व कोयलीबेड़ा इलाके के शीर्ष नक्सली भी शामिल हैं। कहा जा रहा है कि नेताओं समेत इनकी संख्या 200 है। सभी पुलिस लाइन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा समेत अन्य मत्रियों की मौजूदगी में समर्पण करेंगे। पुलिस लाइन मैदान में बुधवार देर शाम तक इसकी तैयारी जारी रही। माड़ डिवीजन के 140 से अधिक नक्सली गुरुवार को मोटरबोट से इन्द्रावती नदी पार करने के बाद बस से ▶▶| शेष पेज 4 पर



### खाली हो जाएगा माड़ डिविजन

*भैरगगढ़ से सरेंडर के लिए रवाना होने वाले नक्सलियों में नक्सली प्रवक्ता रूपेश के अलावा 1 सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम), 2 दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर (डीकेएसजेडसी), 15 डिविजनल कमेटी मेंबर (डीवीसीएम), एक माड़ एसीएम और 121 अन्य कैडर के माओवादी शामिल हैं। इनके शुक्रवार को समर्पण करने के बाद पूरा माड़ डिवीजन खाली हो जाएगा।*



### अब तक 2100 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद 2100 नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं, वहीं 1785 गिरफ्तार किए गए हैं और 477 को मार गिराया गया है। ये आंकड़े 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के हमारे दृढ़ संकल्प का प्रतिबिंब हैं।

## शाह बोले- अबूझमाड़- उत्तर बस्तर नक्सलमुक्त, दो दिन में 258 माओवादियों ने किया सरेंडर






हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीते दो दिनों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई का यह ऐतिहासिक दिन है। गृहमंत्री ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने हथियार डाले, जबकि रविवार को 27 नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 4 पर

- 2026 तक नक्सलवाद उखाड़ फेंकने का शाह ने दोहराया संकल्प

### छत्तीसगढ़ के दो जिले नक्सलमुक्त घोषित

गृहमंत्री ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ का अबुझमाड़ और उत्तर बस्तर, जो कभी नक्सली आतंक का गढ़ थे, आज नक्सल आतंक से पूरी तरह मुक्त घोषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 1785 को गिरफ्तार किया गया और 477 नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने ढेर किया है।

## मुख्यमंत्री साय ने कहा, बस्तर में शुरू हुआ शांति और विकास का नया युग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



**सीएम साय ने कहा - हिंसा की राह देती है अंतहीन दर्द, आत्मसमर्पण देता है जीवन को नई दिशा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ का नक्सलमुक्त होना यह प्रमाण है कि अब बस्तर भय नहीं, बल्कि विश्वास और विकास की नई पहचान बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत आज नक्सलवाद के अंत की दहलीज़ पर खड़ा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर कहा कि बीते दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का प्रतीक है कि बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की शक्ति जीत रही है। उन्होंने कहा कि बीते 22 महीनों में छत्तीसगढ़ में 477 नक्सली मारे गए, 2110 ने आत्मसमर्पण किया और 1785 गिरफ्तार हुए। यह आंकड़े हमारे राज्य को नक्सलमुक्त बनाने के ▶▶| शेष पेज 4 पर




एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध | HDFC BANK | FESTIVE TREATS | कार्ड्स पर ईज़ीईएमआई और एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड्स पर ₹7 500 तक की तत्काल छूट.* | फाइनेंस पार्टनर्स (नो कोस्ट ईएमआई उपलब्ध) | pine labs PAY LATER | BAJAJ FINANCE

*नियम और शर्तें लागू. नियम और शर्तों की अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें. यह ऑफ़र तमिलनाडु और किचन प्रोडक्ट्स पर मान्य नहीं है.

FURNITURE & STORWEL DEALER: Raipur: Interio by Godrej Store Pandri 9713604660 Chagorabhata -Ring Road-1 9009960909 Ambikapur 8819831001 Bhilai 9826183452 Bilaspur 9303930303 Jagdalpur 9993786617 Bhatapara 8770260500 Korba 8224890024 Rajnandgaon 9981666830 MATTRESS DISTRIBUTOR: Durg 7440248000
KITCHEN DEALER: Raipur: Nalghar Chowk 9165550055 Bhilai: Supela 9165550055 Bilaspur: Vyapar Vihar 9165550055 Jagdalpur: 9993786617 For Home Furniture Dealership enquiry, contact – 9826051231 For Kitchen Dealership enquiry, contact – 9665265279

चिंतन

# बच्चे की तरह बयानबाजी क्यों कर रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति होकर भी उनकी हरकतें उस बिगड़ैल बच्चे के समान होती जा रही हैं जो अपनी जिद पूरी न होने पर चीखता-चिल्लाता और हाथ-पैर पटकता है। उनकी हर टिप्पणी हैरान करने वाली होती है। वो ऐसे इंसान हैं, जो कभी भी, कुछ भी कह सकते हैं। कभी भारत को डूबती अर्थव्यवस्था बताने वाले ट्रंप अब कह रहे हैं कि जल्द ही भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज पीएम मोदी ने मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। दरअसल, अमेरिका अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 फीसदी रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। जिस दिन से टैरिफ लगा है ट्रंप समेत अमेरिकी प्रशासन के अनेक सदस्य भारत को लेकर बयानबाजी करते आ रहे हैं। खुद ट्रंप भी लगातार ऐसा कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने ऐसा ही किया था। वो लगातार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने ही युद्ध विराम करवाया था। डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान शांति कायम करने में मदद की थी। उनके हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध के कगार से पीछे हटने को मजबूर हुए। ट्रंप की यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 टैरिफ के लागू होने से कुछ ही घंटे पहले आई थी। हालांकि, भारत शुरू से ही ट्रंप के सीजफायर कराने के दावे को खारिज करता रहा है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। ऐसे ही उन्होंने भारत की दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था को डूबता हुआ बता दिया था। इसी से साफ हो गया था कि ट्रंप एक दिग्भ्रमित या फ्रस्टेटेड राजनेता हैं और ये उनकी नकारात्मक सोच है। ट्रंप को समझ लेना चाहिए कि कौए के कोसने से आसमान नहीं गिरा करता। भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व की प्रमुख गतिशील इकोनॉमी है जिसने ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ दिया है। एशियाई विकास बैंक ने भी 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जाहिर किया है। भारत में कार्यक्षम युवा आबादी की औसत आयु 28.8 वर्ष है जबकि अमेरिका में 38.5 वर्ष है। इस लिहाज से जवान सक्रिय वर्क फोर्स या कार्यबल के मामले में भारत बेहतर स्थिति में है। भारत में प्रचुर मानव संसाधनों के अलावा तकनीक में कुशल युवा भी बड़ी तादाद में हैं जो अंतरिक्ष, एआई आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहकर देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में लगे हैं। इकोनॉमी को यही आगे बढ़ाते हैं। ट्रंप के कहने से न तो इकोनॉमी बढ़ने वाली है और न ही डूबने वाली। अब वो दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। जबकि भारत पूरी तरह से साफ कर चुका है कि वो अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए फैसले लेने को स्वतंत्र है। इसके लिए हमें अमेरिका तो क्या दुनिया की कोई भी ताकत बाध्य नहीं कर सकती। इसके बावजूद ट्रंप अपना राग अलाप रहे हैं। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया है। वो बार-बार ऐसा करके दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब का नया भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। वो अपने फैसले खुद करता है।

# ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी



राहत
योगेश कुमार सोनी

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको यह बताते हैं कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। ऐसे पटाखों को पूरे देश में लाने के लिए सरकार काम कर रही है। अब यदि दिल्ली-एनसीआर के परिवेश में बात करें तो बीते कुछ वर्षों में यहां की आबोहवा में जरूरत से ज्यादा फर्क आ गया। बढ़ते ट्रांसपोर्ट, पराली जलाने और इसके साथ ही पटाखों के प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर के लोगों की जान आफत में रहती है। दरअसल, यह वो समय होता है कि प्रदूषण हवा में घुलकर रह जाता है क्योंकि सर्दी की प्रारंभिकता होती है और मौसम में बदलाव की वजह से हवा नहीं चलती जिससे यह 50 से 70 फुट तक ही घूमता रहता है। इस वजह से सांसों के जरिये हमारे शरीर में घुसकर यह स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार करता है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें, इस मामले में हर कोई गंभीरता दिखाते हुए काम कर रहा है। बीते दशक भर में दिल्ली में दिवाली के आसपास प्रदूषण की स्थिति खतरनाक हो जाती है और कोर्ट का मानना है कि पटाखों से प्रदूषण और अधिक हो जाता है।

इस प्रकरण की अहम बात यह है कि पटाखों में प्रतिबंध के बावजूद ब्रिकी में कोई कमी नहीं आती। चूंकि प्रशासन की सेटिंग से दुकानदार धड़ल्ले से पटाखें बेचते हैं और लोग जमकर खरीदते भी हैं। बीते 7 अक्टूबर दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी और ग्रीन पटाखों की अनुमति लेगी जैसा कि वर्ष 2019 से दिल्ली में सभी पटाखों पर बैन है और मुख्यमंत्री ने जनभावना को देखते हुए सीमित ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत मांगी थी। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट पटाखों से प्रतिबंध हटाता है तो हम वो सभी कदम उठाने को तैयार हैं कि जिससे निर्देशों का पूरी तरह से पालन होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अगर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध हटा लिया जाता है तो हम अदालत के आदेश के आलोक में आवश्यक कदम उठाने के लिए तुरंत एक बैठक करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आदेश का पालन हो। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से आम पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है लेकिन कई वर्षों से पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार न तो इसके लिए कोई काम कर पाई थी और न ही जागरुकता फैला पाई थी। इस बार बारी भारतीय जनता पार्टी की जिसको इस कसौटी पर खरा उतरना बाकी है। चूंकि आम आदमी पार्टी के समय में बीजेपी के कई बड़े नेता इस मामले को लेकर केजरीवाल को घेरते थे और कहते थे कि थे कि पटाखे पर बैन लगाना हिंदुत्व पर प्रहार है हालांकि आदेश हर बार कोर्ट का ही



होता था और अब भी कोर्ट का ही है लेकिन दिल्ली सरकार अब अपनी कितनी सक्रियता दिखाते हुए किस तरह का हल निकालती है,यह देखना बाकी है। दरअसल हम प्रदूषण को लेकर आज तक यह तय नहीं कर पाए कि इसकी असली वजह क्या है? इस मामले को लेकर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है।

कुछ कहते हैं कि सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ ही जाता है और बीते लगभग दो दशकों में दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक प्रदूषण बढने का कारण यह रहा कि दिल्ली से सटे हर कोने में जितनी हरियाली थी वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बन चुकी हैं। जैसे कि गाजियाबाद से सटे राज नगर में लाखों फ्लैट बन चुके। दूसरी ओर गुरुग्राम में जितनी हरियाली थी आज वहां एक-एक इंच जगह किसानों ने बेच दी और मुआवजे में आ चुकी और वहां भी लाखों फ्लैट बन चुके बल्कि एशिया के सबसे महंगे फ्लैट बिकने लगे। वहीं तीसरी ओर लोनी बॉर्डर चौथी और फरीदाबाद में भी यही स्थिति है। इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि हमेशा पराली को लेकर भी प्रदूषण को सबसे बड़ा कारण है चूंकि लेकिन पराली जलाने से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है क्योंकि यह हवा में हानिकारक गैसों और कणों को छोड़ता है जैसे कि मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर। यह धुंध का निर्माण करता है जो शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करता है। पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर सर्दियों के महीनों में विशेष रूप से गंभीर होता है,क्योंकि धीमी हवाएं इन प्रदूषकों को शहर के ऊपर फंसा लेती हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में हर रोज सैकड़ों वाहन खरीदे जाते हैं अर्थात राजधानी में अपनी क्षमता से अधिक वाहन हो चुके जो प्रदूषण बढ़ने का भी एक बड़ा कारण है। पटाखों को लेकर कोर्ट की सबसे जटिल समस्या यह है कि दीपावली आने का समय सर्दी होती है और उस समय दिल्ली में प्रदूषण की प्रारंभिकता बहुत बढ़ जाती है और कोर्ट द्वारा यह समझा जाता है कि पटाखे जलाने से प्रदूषण बहुत अधिक मात्रा में बढ़ जाता है। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद पटाखों के बेचने व खरीदने में किसी प्रकार की कोई कमी देखने को नहीं मिलती। ग्रीन पटाखों के नाम पर हल निकालने का प्रयास किया जाता है लेकिन वह भी अब तक विफल है। पटाखों पर प्रतिबंध कुछ लोग अपनी आस्था पर चोट समझते हैं जिसको लेकर कई हिंदूवादी संगठनों व नेताओं के ब्यान हर वर्ष देखने व सुनने मिलते हैं। यह बात तो तय है कि दिवाली हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है और इस पर्व पर आखिर पटाखे न जलाकर कैसे पर्व पूरा समझा जाए। जब से सनातन का उदय हुआ है तब से यह प्रथा चली आ रही है और वह भी हम न निभा पाएं तो त्योहार पूरा नहीं लगता।

सवाल यही है कि दिल्ली में इसका समाधान कैसे संभव है चूंकि अब हर वर्ष यही देखने व सुनने को मिलता है जो हिंदुओं को कुंठित कर रहा है। कोर्ट व जनता के बीच फंसा यह भावनात्मक घटनाक्रम अब निराशा के रूप में बड़ा आकार ले रहा है। हाल ही में दिल्ली में कई जगहों पर अवैध रूप से पटाखे बेचने पर छापेमारी भी की जा रही है लेकिन बावजूद इसके ब्रिकी धड़ल्ले से जारी है। इसमें एक सवाल यह उठकर आ रहा है कि आखिर राजधानी में इतना पटाखा कहां से आ रहा है? चूंकि पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बावजूद इतनी मात्रा में आखिर किस तरह इतने बम-पटाखे लाए जा रहे हैं? हालांकि स्थिति स्पष्ट है कि बिना प्रशासन की मिलीभगत से यह कैसे भी संभव नहीं है,तो फिर यह ड्रामा क्यों किया जा रहा है? इस खेल में कई लोग फंस सकते हैं। बहरहाल कोर्ट व सरकार ने इसका कुछ समाधान तो निकाला जिससे लोगों के मन की कुंठा भी निकली व त्योहार भी मन जाएंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

श्रद्धांजलि
डॉ. घनश्याम बादल



# असमय जाना 'कर्ण' का

दूरदर्शन सीरियलों 'महाभारत' के कर्ण और 'चंद्रकांता' के शिवदत्त जैसे ऐतिहासिक पात्रों का जीवंत अभिनय करने वाले एक्टर और निर्देशक पंकज धीर का जाना उन दर्शकों को अधिक अखरेगा जो शांत और गहरा अभिनय देखने के लिए टेलीविजन सेट खोलते हैं या फिल्म हॉल में जाते हैं । हालांकि पंकज धीर लोकप्रिय सिनेमा में कोई बहुत बड़ा नाम नहीं थे लेकिन फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन धारावाहिकों में उनकी उपस्थिति हमेशा उल्लेखनीय रही। टेलीविज़न के इतिहास में यदि किसी अभिनेता ने अपने अभिनय से देवताओं, योद्धाओं और आदर्श पुरुषों के चरित्र को जीवंत किया है, तो उनमें पंकज धीर का नाम अग्रणी रहा । "महाभारत" के कर्ण के रूप में उन्होंने जो छाप छोड़ी वह अमिट है। चंद्रकांता धारावाहिक में भी शिवदत्त के छोटे से रोल में उनका एक डायलॉग 'कोई शक' दर्शकों के दिलों दिमाग पर छाया रहा। पंकज धीर का अभिनय केवल संवादों तक सीमित नहीं था, बल्कि भाव-भाषा और भंगिमा पर उनकी गज़ब की पकड़ को दर्शाता था। पंकज धीर 9 नवंबर 1956 को मुंबई में फिल्मी परिवार में जन्मे,उनके पिता सी.एल. धीर हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक थे। अभिनय कला उन्हें विरासत में मिली। पंकज धीर ने भी अध्ययन पूरा करने के बाद फिल्मों में आना चुना और 1983 में फिल्मी करियर की शुरुआत की। समय के साथ उन्हें बड़ी फिल्में भी मिलने लगीं जिनमें "खून भरी मांग", "क्रोध", "बाज़ीगर", "तीसरी आंख", "सोने पे सुहागा", "सैनिक", और "सोल्जर" जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। उनके किरदार प्रायः गंभीर, संयमी और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले रहे। लेकिन पंकज धीर को असली पहचान मिली महाभारत से। 1988 में बी.आर. चोपड़ा निर्मित "महाभारत" धारावाहिक में कर्ण की भूमिका ने पंकज धीर को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया। कर्ण का पात्र जटिल भावनाओं, आदर्शों, त्याग और त्रासदी का प्रतीक था। पंकज धीर ने इस भूमिका को न केवल सशक्त अभिनय से जीवंत किया, बल्कि उसे ऐसा मानवीय रूप दिया कि आज भी दर्शक "कर्ण" का नाम सुनते ही उनके चेहरे को याद करते हैं। उनकी आंखों की गहराई, संवादों की गंभीरता और नैतिक द्वंद्व की अभिव्यक्ति ने उन्हें भारतीय टेलीविज़न के पारंगत एवं लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल कर दिया। "महाभारत" के इस पात्र ने पंकज धीर को प्रसिद्धि और सम्मान दोनों दिलाए ।



"महाभारत" के बाद भी पंकज धीर ने कई अन्य धारावाहिकों में भी प्रभावी भूमिकाएँ निभाईं जैसे "बेताल पच्चीसी" में रहस्यमय नायक "चंद्रकांता" में राजसी व्यक्तित्व "युग", "दीया और बाती हम", और "बड़े अच्छे लगते हैं" जैसे धारावाहिकों में भी उन्होंने चरित्र निभाए। उनके अभिनय में परिपक्वता और शालीनता की झलक हमेशा बनी रही। पंकज धीर केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक सक्षम निर्देशक भी हैं। उन्होंने फिल्म "बैड बॉय" का निर्देशन किया, जिसमें उनके पुत्र निकितिन धीर ने मुख्य भूमिका निभाई। वे नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए एक अभिनय प्रशिक्षण संस्थान भी चलाते थे। कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने वाले पंकज धीर की पत्नी अनीता धीर, स्वयं अभिनेत्री व डिजाइनर हैं। पुत्र निकितिन धीर ने भी चेन्नई एक्सप्रेस, डब्बा, शेरशाह जैसी फिल्मों में काम किया है। पंकज धीर का व्यक्तित्व अभिनय से कहीं बड़ा रहा। वे मानते थे "अभिनय केवल अभिनय नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है।" भारतीय टेलीविज़न में जिस गंभीरता और गरिमा के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई, वह उन्हें औरों से अलग करती थी । अभी भी केवल 68 वर्ष के थे और लंबी पारी खेल सकते थे लेकिन कैंसर से एक बार जंग जीतने के बावजूद वह पुनः उससे पीड़ित हुए और उन्हें जिंदगी की जंग हारनी पड़ी। एक प्रकार से पंकज धीर का अपने बेटे को फिल्म जगत में अच्छे से स्थापित करने का सपना भी उसी तरह अधूरा रह गया जैसे महाभारत में कर्ण का दुर्योधन को हस्तिनापुर का निर्विवाद शासक देखना और महाभारत का विजेता बनने का सपना अधूरा रह गया था। पिछले कुछ समय से जिस प्रकार फिल्मी दुनिया को विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और इरफान जैसे कई बड़े कलाकार कैंसर की घातक बीमारी के कारण खोने पड़े हैं, वह एक चिंतनीय विषय है और आधुनिक जीवन शैली पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न भी खड़ा करता है। यह सजग भी करता है कि ग्लैमर की दुनिया में सादगी और आत्म संयम भी बहुत जरूरी है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्त्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदुरुस्त रहने के लिए लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। - *ब्रिजेश पटेल, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### बस्तर नक्सली हिंसा मुक्त



यह अत्यंत हर्ष की बात है कि आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हैं, जिन्हें सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### न्याय की दिशा



हमारे प्यारे जुबिन के लिए न्याय की दिशा में एक और कदम। सिंगापुर पुलिस के अधिकारी 21 अक्टूबर को विशेष पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) और विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व वाली असम पुलिस टीम से मिलेंगे।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### साईं चाँडूराम को श्रद्धांजलि



सिंधी समाज के संत शिरोमणि, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, साईं चाँडूराम साहिब के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उनका जीवन-दर्शन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### निष्पक्ष और तेज़ जांच हो



पिछले महीने मशहूर गायक जुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत ने देशभर के संगीत प्रेमियों को झकझोर दिया था। सरकार से हमारी अपील है कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले की निष्पक्ष और तेज़ जांच कराई जाए। इस मामले की न्यायिक प्रक्रिया को भी तेज़ किया जाए।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# उरुग्वे में इच्छामृत्यु देने वाला कानून किया पारित



उरुग्वे की सीनेट ने इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर दिया है जिससे यह दक्षिण अमेरिकी देश उन कुछ अन्य देशों में शामिल हो गया है जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज अपना जीवन समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को उठाए गए इस कदम से उरुग्वे कैथोलिक बहुल लैटिन अमेरिका में कानून के तहत इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला पहला देश बन गया है। उरुग्वे में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की सीनेटर पेट्रीसिया क्रेमर ने देश की राजधानी मोंटेवीडियो में सांसदों से कहा, 'जनमत हमें इस पर विचार करने के लिए कह रहा है।' पिछले पांच साल से रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहे इस कानून ने बुधवार को उस समय आखिरी बाधा पार कर ली जब संसद के उच्च सदन में 31 में से 20 सीनेटर ने इसके पक्ष में मतदान किया। निचले सदन ने अगस्त में इस विधेयक को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी थी। चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ 'ब्रॉड फ्रंट' गठबंधन के सांसदों ने इच्छामृत्यु के अधिकार का जोरदार बचाव किया और इसके लिए चलाए गए अभियान की तुलना तलाक एवं समलैंगिक विवाह की वैधता से की। अमेरिकी राज्यों, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन करने का अधिकार केवल उन लोगों को दिया जाता है जिनके जीने की संभावना छह महीने या एक साल से अधिक नहीं है।

## ऑफ बीट

# दुनिया में हर साल बढ़ेंगे 57 अत्यधिक गर्म दिन



दुनिया इस सदी के अंत तक हर साल लगभग दो महीने तक 'अत्यधिक गर्म' दिनों का सामना करेगी और इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व गरीब देशों पर पड़ेगा, जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों को इसकी मार कम झेलनी पड़ेगी। बृहस्पतिवार को जारी एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हालांकि, 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के बाद से उत्सर्जन कम करने के प्रयासों ने गंभीर स्थिति को कुछ हद तक रोका है। अध्ययन के मुताबिक, अगर यह समझौता नहीं हुआ होता तो पृथ्वी को हर साल 114 और घातक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' और अमेरिका स्थित 'क्लाइमेट सेंट्रल' के वैज्ञानिकों ने विभिन्न मॉडल की वास्तविक समय के साथ तुलना करते हुए कंप्यूटर के जरिए यह गणना की है कि पेरिस समझौते से कितनी राहत मिली है। अध्ययन के अनुसार, यदि सभी देश अपने वादों को पूरा करते हैं और वर्ष 2100 तक तापमान 2 .6 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो दुनिया को अब की तुलना में 57 अतिरिक्त गर्म दिन झेलने होंगे। लेकिन यदि तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की वैज्ञानिक क्रिस्टिना डाल ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से दर्द और नुकसान तो होगा।

रायपुर
शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025
कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 24, अंक : 90
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.2
न्यून. 23.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

3
ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप के...



विचार पेज
ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी




पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने पार्टी संगठन की रिपोर्ट पर लिया बड़ा फैसला

# गुजरात के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा कुछ नए चेहरों के साथ आज नई कैबिनेट

*गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। इससे पहले गुरुवार को राज्य के सभी 16 मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात सरकार के सभी मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को अपना इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों के त्याग पत्र ने सबको चौंकाया। राजनैतिक हलकों में इसे सरकार की शक्ल बदलने की कवायद माना जा रहा है। दिल्ली में भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि गुजरात में मंत्रियों का इस्तीफा यकायक नहीं है बल्कि इसकी कवायद पिछले कई दिनों से चल रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राज्य सरकार के मंत्रियों की परफार्मेंस से खुश नहीं थे। गुजरात में पार्टी संगठन से भी कुछ मंत्रियों को लेकर रिपोर्ट अच्छी नहीं मिल रही थी। जनता के बीच असंतोष भी अंदरखाते दिखने लगा था। दो साल बाद चुनाव है ▶▶|शेष पेज 4 पर

- कुछ मंत्रियों की असंतोषजनक परफार्मेंस बनी वजह, क्षेत्रीय संतुलन साधना भी एक वजह

## क्या गुजरात फॉर्मूले के चलते मंत्रियों को छोड़ना पड़ा पद?

2022 में गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए थे। चुनाव से 15 महीने पहले सितंबर 2021 में राज्य की पूरी कैबिनेट बदल दी गई थी। इस बार राज्य में चुनाव को करीब 26 महीने बचे हुए हैं। हालांकि, इस बार मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया है सिर्फ उनके कैबिनेट सहयोगियों ने पद छोड़े हैं। 2021 में तो पांच साल के अंदर दो बार मुख्यमंत्री बदल दिए गए थे। 2017 में जब चुनाव हुआ था, तब विजय भाई रूपाणी को सीएम बनाया गया था, लेकिन 2021 में उन्हें हटाकर भूपेंद्र पटेल को जिम्मेदारी दे दी गई।



गांधीनगर में आज सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ होगी

## ऐसे कयास भी

इस फेरबदल को राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए जा सकते हैं। गुजरात कैबिनेट में सीएम समेत 17 मंत्री थे, जिसमें 8 कैबिनेट और 8 राज्य मंत्री थे। अब यह संख्या बढ़कर 22-23 हो सकती है। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं।

## क्या एंटी इनकंबेंसी को खत्म करने की कोशिश?

चुनाव में 182 में से 103 नए चेहरों को टिकट दिया गया। पांच मंत्रियों समेत 38 विधायकों के टिकट काट दिए गए। 2022 के चुनाव में में इसका नतीजा भी देखने को मिला। भाजपा ने गुजरात में रिकॉर्ड 156 सीटें हासिल कीं। कहा जा रहा है इसी फॉर्मूले के तहत गुजरात कैबिनेट के मंत्रियों की छुट्टी हुई है। विश्लेषक मानते हैं कि चेहरे बदलकर भाजपा राज्य में लंबे समय से चल रही सरकार के प्रति होने वाली एंटी इनकंबेंसी को खत्म कर देती है। नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद से पूरी कैबिनेट को चुनाव से करीब 15 महीने पहले बदला जा रहा था। हालांकि, इस बार ये बदलाव थोड़ा जल्दी हुआ है।

एंटी करप्शन ब्यूरो का एक्शन

# पदस्थापना के लिए मांगी रिश्वत, दो बाबू अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को एक ही विभाग के दो लिपिकों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। मामला स्वास्थ विभाग का है। उच्च न्यायालय द्वारा स्वास्थ विभाग के वाहन चालक के पदस्थापना की अर्जी पर स्टे आर्डर मिला। स्वास्थ विभाग के दो लिपिकों द्वारा वाहन चालक से पुनः पदस्थापना के लिए रिश्वत की मांग की गई। इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में करने के बाद रायपुर से पहुंचे एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर की टीम ने स्वास्थ विभाग के दो कर्मचारियों को रिश्वत ▶▶|शेष पेज 4 पर

## कानूनी कार्रवाई जारी

शिकायत की पुष्टि के बाद 16 अक्टूबर को एसीबी टीम ने बालोद पहुंचकर जाल बिछाया। जैसे ही दोनों आरोपी कर्मचारियों ने 15–15 हजार रुपए, कुल 30 हजार रुपए की दूसरी किस्त ली, टीम ने उन्हें मौके पर ही रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी ने दोनों आरोपियों युगल किशोर साहू और सुरेंद्र कुमार सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत कानूनी कार्रवाई जारी है।

## अभिनेत्री मधुमती का निधन

मुंबई। गुजरे जमाने की अभिनेत्री-नृत्यांगना मधुमती का जुहू स्थित उनके आवास पर उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थीं। पहले उनका नाम हुटोक्सी रिपोर्टर था लेकिन दिलीप कुमार की फिल्म मधुमती की रिलीज के बाद अपना नाम बदल लिया।






## छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय – अधीक्षणी (नगर वृत्त-एक) पुराना मंत्रालय, गेट नं.-4 रायपुर
फोन नं. 0771-2574800, 2574801 वेबसाईट. www.cseb.gov.in
कार्यालय मेल आईडी – secc.raipur@cseb.gov.in

### आवश्यक सूचना

विद्युत कंपनी की ओर से सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को **दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देती है।** समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व पर विद्युत की षिकायत को दूर करने हेतु **दिनांक 18.10.2025 से 20.10.2025 तक सायं 04:00 बजे से 12:00 बजे तक** रायपुर (शहर वृत्त-एक) के विभिन्न स्थलों पर अस्थाई शिकायत केन्द्र स्थापित किये गये है। पूर्व स्थायी शिकायत केन्द्र यथावत् रहेंगे, जिसमें उपभोक्तागण अपनी शिकायत दर्ज कर शिकायत का त्वरित निराकरण पा सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी सम्माननीय उपभोक्ताओं से निवेदन करता है कि विद्युत खम्भों एवं ट्रांसफार्मर के आजू-बाजू या आस-पास और विद्युत तारों के नीचे पटाखें न जलावे, ताकि अप्रिय घटना न घटे।

| क्र | शिकायत केन्द्र का नाम | दूरभाष क्रमांक | मोबाईल क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | सेन्ट्रल कॉल सेन्टर, रायपुर | 1912, 0771-2576010 | |
| | **नगर संभाग दक्षिण, रायपुर** | | |
| 1 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुरेना | 2576596 2576677 | 7400620700 7828167334 |
| 2 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र राजेन्द्र नगर | 2574778 | 9754963960 9993726660 |
| 3 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र डेयरी कॉलेज | 2576708 | 9589080194, 9669113702 |
| 4 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अमलीडीह | | 9165222487 |
| 5 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हिमालयन हाईट | 2972606 | 9340305152 |
| 6 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवपुरी | 2972548 | 9993838542 |
| 7 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लांभांडी | | 6260844767 |
| 8 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लालपुर | | 7325970444 |
| 9 | रावणभाटा जोन शिकायत केन्द्र | 2576338 | 6269753733 |
| 10 | शारदा फ्यूल, बोरिया रोड, मोतीनगर | | 9340342538, 7047249999 |
| 11 | 33/11 के.व्ही. डूमरतराई | | 9644238844 |
| 12 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ढेबरसिटी | | 7999904420 |
| 13 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भाठागांव | | 8889935505 |
| 14 | 33/11 के.व्ही. स्वागत विहार उपकेन्द्र | | 9993977362 |
| 15 | 33/11 केवी कृषि महाविद्यालय | 2972579 | 7999890108 |
| 16 | 33/11 केवी मेडिकल काम्प्लेक्स | | 6267536805 |
| 17 | 33/11 केवी आम्रपाली | | 7000784292 |
| 18 | 33/11 केवी मठपुरैना | | 9131994812, 7067079211 |
| 19 | 33/11 के.व्ही पुलिस कॉलोनी | | 8435470925 |
| | **नगर संभाग पूर्व, रायपुर** | | |
| 20 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सिविल लाईन | 2576619 | 8319750054, 9926112990, 6261129775 |
| 21 | सिविल लाईन एफओसी सेन्टर | 2426020 | 9977512378 |
| 22 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शांतिनगर | 2574060 | 9131299037 |
| 23 | छत्तीसगढ़ क्लब | | 9179513054 |
| 24 | सुधार कार्य सिविल लाईन एफओसी | | 9977512378 |
| 25 | तारूभाई चौक श्यामनगर | | 7999254488 |
| 26 | राजधानी आटो तेलीबांधा | | 8982827270 |
| 27 | नूरानी चौक राजा तालाब | | 9993894227 |
| 28 | शंकर नगर जोन | 2574301 | 9171877151 |
| 29 | बस स्टेण्ड शंकर नगर | | 9171879161 |
| 30 | विजय सिलीकेट माता गैरेज के पीछे पण्डरी | | 8109006033 |
| 31 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अवंती विहार | | 9340021190 |
| 32 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र जीवन विहार | 2574787 | 8959474156 |
| 33 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शंकर नगर | 2574777 | 9171879168, 9327488915 9171879171, 9171879172 |
| 34 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र रहेजा नगर | | 6264947962 |
| 35 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र पण्डरी तराई | | 9399621770 |
| 36 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र दलदल सिवनी -1 | | 7000644723 |
| 37 | मोवा थाना | | 9171879207 |
| 38 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सड्डू | | 7697252853 |
| 39 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र व्हीआईपी मोवा | | 7999661093 |
| 40 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र आमासिवनी | | 6262048816 |
| 41 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कचना | | 8085696856 |
| 42 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अशोकारतन | | 8462811161 |
| 43 | 33/11 केव्ही दलदल सिवनी -2 | | 6260821684 |
**(नियम - 6 देखिये)**
सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विशेष विवाह के पक्षकार मुकेश कुमार पिता श्री माधोराम जाति सतनामी उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम करेली बड़ी, थाना व तहसील मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.) एवं हर्षिका देवांगन पिता श्री प्रेमचंद देवांगन, जाति कोष्टा, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम गुढ़ियारी, पोस्ट कानाकोट, थाना रनचिराई, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 अध्याय - दो के अधीन विशेष विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07/11/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवेदन/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।
आज दिनांक 07/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।
आगामी पेशी दिनांक- 07/11/2025
मुहर अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला - धमतरी (छ.ग.)

**आम सूचना**
(ग्राम- झिगला, प.ह.नं.- 02, रा.नि.म.- सम्बलपुर, तह- नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 181/1 रकबा 5.83 हे., कृषि भूमि के संबंध में )
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री आलोक ने श्रीमती श्वेता पटेल पति- श्री जी.पी. पटेल, निवासी प्लाट नं. 624, रिंग रोड नं. 1, सुन्दर नगर, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम- झिगला, प.ह.नं.- 02, रा.नि.म.- सम्बलपुर, तह.- नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 181/1 रकबा 5.83 हे., को विक्रय करने का अनुबंध दिनांक 05/08/2025 को निष्पादित किया है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन धान कटाई के पश्चात तय किया गया है। मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि अनुबंधित भूमि को श्रीमती श्वेता पटेल किसी अन्य व्यक्ति को बढ़े दाम मे विक्रय करने का प्रयास कर रही है जो अनुबंध की शर्तों के विपरीत एवं गैर कानूनी है। कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, बैंक मेरे पक्षकार के उपरवर्णित अनुबंधित कृषि भूमि को क्रय अथवा क्रय करने का अनुबंध ना करे, ऐसा अनुबंध अवैध एवं शून्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर एवं मेरे पक्षकार की उपरवर्णित अनुबंधित कृषि भूमि पर बंधनकारी नही होगा।
अतः सूचित हो।
भवदीय
मनोज कुमार सिंह अधिवक्ता
पीला बंग्ला के पास, कांपा लोधीपारा, रायपुर (छ.ग.) 492004
मो. 88276-94813

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
**अर्श–राहत**
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली **केंदवा मलहम**
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

**हरिभूमि** छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
**THE DIAGNOSTIC CARE**

**दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक**
(ट्यूबरक्युलोसिस) मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
● जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
● क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
● एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** – मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** – आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** – किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6021



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6020 का हल**



## सुडोकू नवताल - 6031

सरल



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सुडोकू नवताल - 6030 का हल**



# त्योहारी सीजन पर 'शुभम के-मार्ट' में बंपर बचत का मौका, छूट की बारिश से खरीदारी का मजा दोगुना



**रायपुर।** धनतेरस और दिवाली की रौनक इस बार शुभम के मार्ट में देखते ही बन रही है। रायपुर सहित अन्य शहरों में मौजूद इस हाइपरमार्केट चेन ने फेस्टिव सीजन पर ग्राहकों को शानदार तोहफा दिया है। मार्ट में शॉपिंग करने पर जहां जीएसटी में कटौती का सीधा फायदा मिल रहा है, वहीं 'फेस्टिवल ऑफर्स' के तहत ग्राहकों को कई उत्पादों पर कम से कम 9 फीसदी तक की छूट भी दी जा रही है। खास बात यह है कि कई सलेक्टेड आइटम्स पर अतिरिक्त डिस्काउंट भी दिया जा रहा है, जिससे खरीदारी का अनुभव और भी किफायती बन गया है। मिठाई, नमकीन, गिफ्टिंग आइटम्स, फैशन, हैंडलूम, किचन व घरेलू उपयोग की चीजें - हर कैटेगरी पर बचत का सुनहरा मौका मिल रहा है। यही वजह है कि दिवाली की खास खरीदारी के लिए लोग बड़ी संख्या में शुभम के मार्ट का रुख कर रहे हैं। एक ही छत के नीचे संपूर्ण खरीदारी की सुविधा देने वाला यह स्टोर उपभोक्ताओं को शॉपिंग का स्मार्ट एक्सपीरियंस देता है। यहां पर ग्रोसरी, फूड्स, डेली नीड्स, स्किन-केयर प्रोडक्ट्स, डेकोरेशन, फैशन अपैरल, स्टेशनरी, क्रॉकरी, होम अप्लायंसेस और फर्निशिंग जैसे हजारों प्रोडक्ट्स टॉप ब्रांड्स में वाजिब दामों पर उपलब्ध हैं। बाय 1 गेट 1 फ्री ऑफर मिठाइयों, नमकीन, मेयोनीज़, जैम और कई एफएमसीजी प्रोडक्ट्स पर।




# इट्सा हॉस्पिटल में एंड-स्टेज किडनी डिजीज से जूझ रहे मरीज को मिला जीवनदान



**रायपुर।** इट्सा अस्पताल, रायपुर में एंड-स्टेज किडनी डिजीज से जूझ रहे 47 वर्षीय मधुमेह पीड़ित मरीज को जीवनदान मिला, जब डॉ. नमन महेश पाठक, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट ने यूएसजी-मार्गदर्शित पर्माकैथ इन्सर्शन कर तत्काल डायलिसिस संभव बनाया। मरीज को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। पूर्व में बनाया गया एवी फिस्टुला फेल हो चुका था और वैस्कुलर एक्सेस उपलब्ध नहीं था। मरीज ने पहले इट्सा अस्पताल के निदेशक डॉ. राजकुमार बरनवाल से संपर्क किया, जिन्होंने तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पाठक को रेफर किया। डॉ. पाठक ने बिना देरी किए अल्ट्रासाउंड गाइडेंस की मदद से पर्माकैथ डालने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक की। इस तकनीक से कैथेटर को सटीक और सुरक्षित ढंग से जुगुलर नस में स्थापित किया गया, जिससे डायलिसिस तुरंत शुरू किया जा सका। यह कदम मरीज के लिए जीवन रक्षक साबित हुआ। डॉ. पाठक ने बताया कि एवी फिस्टुला आदर्श वैस्कुलर एक्सेस होता है, लेकिन इसके परिपक्व होने में समय लगता है।

# धनतेरस पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने लॉन्च किया 'शगुन कलेक्शन'



**मुंबई।** धनतेरस के पावन अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ मिलकर 'शगुन कलेक्शन' लॉन्च किया। यह कलेक्शन पीले सोने, हीरे, एंटीक और पोल्की में नये डिजाइनों के साथ पेश किया गया है। त्योहारों की रौनक को ध्यान में रखते हुए इसमें एवरलाइट का लोटस कलेक्शन, गॉसिप सिल्वर, पुरुषों के लिए अहम कलेक्शन और हार्ट्स एंड एरो डायमंड ज्वेलरी शामिल हैं। कियारा आडवाणी द्वारा प्रस्तुत ब्रांड का नया फेस्टिव कैम्पेन पारिवारिक पलों, परंपराओं और रिश्तों की मिठास को खूबसूरती से दर्शाता है। सेनको की डायरेक्टर जोइता सेन के अनुसार, यह कैम्पेन त्योहारों की आत्मा को दर्शाने का प्रयास है, जहां हर गहना भावनाओं का प्रतीक बनकर उभरता है। लॉन्च के साथ कंपनी ने आकर्षक ऑफर्स भी दिए हैं - सोने की ज्वेलरी पर 700 से 1,000 रु प्रति ग्राम कैशबैक, डायमंड ज्वेलरी पर 15% तक की छूट और पुराने सोने के एक्सचेंज पर 100% वैल्यू।

# भारत में 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के जरिए

- आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने कहा यह अध्ययन का विषय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत में लगभग 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के माध्यम से होते हैं और देश समावेशी और सुरक्षित डिजिटल सार्वजनिक मंच के मामले में अध्ययन का विषय बन सकता है। गवर्नर ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के दौरान आरबीआई द्वारा आयोजित 'डिजिटल सार्वजनिक मंच' (डीपीपी) के माध्यम से आर्थिक मजबूती बनाने पर उच्च-स्तरीय बातचीत' में यह कहा। डीपीपी समावेशी वृद्धि और नवाचार का एक महत्वपूर्ण जरिया बन गया है।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संभाग -01 रायपुर (छ.ग.)**

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

विज्ञापन क्र.- 367

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-01 कबीर नगर, रायपुर के अंतर्गत टाटीबंध रिंग रोड नंबर-2 रायपुर में 45 एम. आई.जी. प्रकोष्ठ भवन, 23 नग दुकान, 02 नग पेंट हाउस एवं क्लब हाउस का निर्माण एवं विकास कार्य हेतु प्री-क्वलिफिकेशन के आधार पर ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-01 कबीर नगर, रायपुर में संपर्क कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
S-45638/3 मो.नं. 9424209026



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय** प्रपत्र संख्या–1
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

ई– निविदा (तृतीय आमंत्रण)

निविदा संख्या :- 25/JMT/2025-26 दिनांक 14-10-2025

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 mtr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar, Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026. (3rd Call) | 18488.12 | 184.89 | 10,000/- | 27 Months + 3 months (Trial and Run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 21-10-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 29-10-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 12-11-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 12-11-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | 14-11-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरणी बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
झुमरीतिलैया।

PR.NO.364235 Drinking Water and Sanitation(25-26):D


# इंफोसिस का मुनाफा 13% बढ़कर 7364 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13.2 प्रतिशत बढ़कर 7,364 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को जुलाई-सितंबर, 2025 तिमाही के इन वित्तीय नतीजों की सूचना दी। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 6,506 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में इन्फोसिस की परिचालन आय 8,6 प्रतिशत बढ़कर 44,490 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में उसकी परिचालन आय 40,986 करोड़ रुपये थी।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर, (छ.ग.)**
कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल, फोन नं. - 07868-241224,
e-mail id:- miningkanker2@gmail.com

क्रमांक -2213/रेत/2025 कांकेर, दिनांक 14/10/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

**गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन पट्टा खदान आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक - नीलामी ( रिवर्स ऑक्शन)**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला उ.ब. कांकेर छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के तहत इलेक्ट्रॉनिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से प्रथम चरण में कुल 02 साधारण रेत उत्खननपट्टा खदान 1. खरथा, तहसील चारामा, 2. टहकापार, तहसील चारामा आबंटन किया जाना है, जिस हेतु अर्हता प्राप्त बोलीदार इलेक्ट्रॉनिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक - नीलामी ( रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, **07 दिवस, 06.11.2025 से 12.11.2025 (05:30 PM तक) तक** जमा की जायेगी । बोली केवल MSTC के ऑनलाईन पोर्टल https://mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। निविदा के नियम नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी पोर्टल, खनिज साधन विभाग की वेबसाईट https://chhattisgarhmines.gov.in/ जिला कार्यालय की वेबसाईट https://kankergov.in तथा कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला उ.ब. कांकेर (छ. ग.), संबंधित ग्राम पंचायत /जनपद पंचायत / जिला पंचायत भवन के सूचना पटल में अवलोकन कर प्राप्त कर सकता है ।

अपर कलेक्टर
G-252604221/1 जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)



**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था**
**उसूर (दुगईगुडा) जिला - बीजापुर (छ.ग.)**
Email ID : itiusoor@gmail.com Phone No. : 7999941654

क्रमांक / औप्रसं/स्था / म.प्र. भर्ती / 2025 /181 उसूर दिनांक 15/10/2025

विज्ञापन

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, (प्रशिक्षण पक्ष) इन्द्रावती भवन, ब्लॉक नं.-4, प्रथमतल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ताओं हेतु जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों तथा संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएँ, क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर क्षेत्र जगदलपुर के आदेश क्रमांक/संसंप्र / क्षेका / स्थाप / मे. प्रव. / 2025 / 1050 / जगदलपुर दिनांक 02/09/2025 के अनुक्रम में जिला बीजापुर नोडल अंतर्गत संचालित निम्नांकित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में स्वीकृत प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध व्यवसायों / विषयों के लिये प्रशिक्षण सत्र 2025_2026 के लिये मेहमान प्रवक्ता (Guest Lecturer ) हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थिति के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, उसूर (दुगईगुडा) जिला - बीजापुर (छ.ग.), पिन कोड - 494447 में आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 05/11/2025 को सायं 05.00 बजे तक है। पदों की जानकारी एवं शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएँ, निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है :-

**1. पदों की जानकारी :-**

| क्र. | व्यवसाय / विषय का नाम | औप्रसं बीजापुर | औप्रसं भैरमगढ़ | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 01 | फिटर | 01 | NIL | 01 |
| 01 | विद्युतकार | NIL | 01 | 01 |
| महायोग | | 01 | 01 | 02 |

प्राचार्य/ अध्यक्ष
(मेहमान प्रवक्ता चयन समिति) शासकीय
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
G-252604217/1 उसूर (दुगईगुड़ा) जिला बीजापुर (छ.ग.)






RJ
धनतेरस एवं दीपावली के शुभ मुहुर्त में
घर लाएं लाभ और समृद्धि
इस त्यौहार कीजिए
सौंदर्य और समृद्धि में वृद्धि
रवि ज्वेलर्स के
शुभ आभूषणों के साथ...
आभूषणों की शुद्धता, गुणवत्ता की पहचान कुछ ही मूल्यवान लोग कर पाते है। सोने एवं डायमंड ज्वेलरी का संग्रहण का नवीनतम ट्रेंड अपडेट किया गया है। अद्भुत ज्वेलरी आपको मुंबई के प्रसिद्ध जवेरी बाजार का अनुभव करायेगा। आपके द्वारा पसंद की गई हर ज्वेलरी अनोखी होगी।
शुद्ध
स्वर्ण सिक्के
उपलब्ध
सर्वश्रेष्ठ आभूषणों की आपकी तलाश खत्म होती है यहाँ
रवि ज्वेलर्स
सी-203, नाहटा मार्केट, सदर बाजार, रायपुर फोन : 0771-2223688, 2555788 (शॉप)


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प
छत्तीसगढ़ में धान खरीदी उत्सव
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
किसानों के लिए सहज और सुविधाजनक खरीदी व्यवस्था
₹3100 प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी
कुल 2739 केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी
एक सप्ताह के भीतर किसानों को पूर्ण भुगतान
पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ई- केवाईसी और एग्रीस्टेक पोर्टल
गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी पर समितियों को प्रति क्विंटल पाँच रुपये प्रोत्साहन राशि
धान खरीदी की मानिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर
तुहर टोकन एप से सुविधाजनक खरीदी प्रक्रिया
15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

अमेरिकी प्रेसिडेंट के दावे का भारतीय विदेश मंत्रालय का किया खंडन

# 'राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच कल कोई बात नहीं हुई'

## रूस से तेल खरीदने को लेकर यूएस की तरफ से दिया गया था बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम के बीच कल कोई बात नहीं हुई। भारत की ओर से रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के एक बयान पर विदेश मंत्रालय ने रिएक्ट किया है। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से जब पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई बातचीत हुई है या टेलीफोन आया है? इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुझे दोनों नेताओं के बीच कल हुई किसी बातचीत की जानकारी नहीं है।

### एमईए की खरी-खरी

पूरा विवाद उस समय सामने आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक महान व्यक्ति और भारत को एक अविश्वसनीय देश बताया है। इस बीच उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत अब और रूसी तेल नहीं खरीदेगा। इसे तुरंत नहीं किया जा सकता है। यह एक छोटी सी प्रक्रिया है, लेकिन यह जल्द ही पूरी हो जाएगी, और हम राष्ट्रपति पुतिन से बस यही चाहते हैं कि वे युद्ध रोकें।

### 'बातचीत की कोई जानकारी नहीं'

ट्रंप की ओर से रूसी तेल खरीद के संबंध में किए गए दावे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि रविवार को पीएम मोदी और यूएस राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई बात नहीं हुई। उनके बीच किसी भी तरह की बातचीत की जानकारी नहीं है। रूस से तेल खरीद पर भी एमईए प्रवक्ता ने जवाब दिया।

### भारतीय हितों की रक्षा हमारा दायित्व

रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां पूरी तरह इसी उद्देश्य से निर्देशित होती हैं। एमईए प्रवक्ता ने आगे कहा कि स्थिर ऊर्जा मूल्य और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दोहरे लक्ष्य रहे हैं। इसमें हमारी ऊर्जा स्रोतों का व्यापक आधार बनाना और बाजार की स्थितियों के अनुरूप विविधीकरण करना शामिल है।



### आधिकारिक बयानों पर चलता रूस

मामले पर रूस की दो-तरफा प्रतिक्रिया आई है। जिसमें पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों से बातचीत में साफ किया कि रूस अपने तेल निर्यात को लेकर भारत और चीन के विदेश मंत्रालयों के आधिकारिक बयान पर ही भरोसा करता है न कि किसी और के दावे पर। यह बयान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और हमारा देश इन्हीं के तहत अपने तमाम कदम उठाता है। नई दिल्ली में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा, रूसी कच्चा तेल ही वैश्विक बाजार में कीमतों के हिसाब से सबसे सस्ते और प्रभावी विकल्प के रूप में मौजूद है। रूस के भारत के साथ ऊर्जा संबंध उनके राष्ट्रीय हितों के तहत बिलकुल दुरुस्त हैं।

### अमेरिका को लेकर यह कहा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक अमेरिका का संबंध है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को गहरा करने में रुचि दिखाई है। इस पर चर्चाएं जारी हैं।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 'आईएनएस विक्रांत' पर मनाएंगे दीवाली

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार



दीपावली का त्योहार गोवा तट पर तैनात देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' पर नौसैन्य कर्मियों के साथ मनाएंगे। सूत्रों ने बताया कि यह आयोजन एक प्रकार से मौजूदा साल के मध्य में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को मिली कामयाबी के जश्न को प्रदर्शित करेगा। भारत ने अपने इस सैन्य अभियान में 7 से 10 मई 2025 तक

### 'कच्चातिवु द्वीप पर श्रीलंका से बात करें पीएम मोदी'

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पीएम मोदी को



पत्र लिखकर, भारत दौरे पर आईं श्रीलंकाई पीएम हरिनी अमरसूर्या से कच्चातिवु द्वीप को पुनः प्राप्त करने और तमिल मछुआरों के उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग की है। श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या दो दिन के भारत दौरे पर गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचीं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने पत्र में लिखा, 'तमिलनाडु के मछुआरा समुदाय को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा बार-बार उत्पीड़न, हमलों और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021 से अब तक 106 अलग-अलग घटनाओं में 1482 मछुआरों और 198 मछली पकड़ने वाली नौकाओं को हिरासत में लिया गया है।

### नारायण-सुधा मूर्ति का जाति जनगणना में शामिल होने से इंकार

**बेंगलुरू।** इंफोसिस के फाउंडर एनआर नारायण मूर्ति, उनकी पत्नी और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने कर्नाटक में चल रहे सामाजिक और शैक्षणिक सर्वे यानी जाति जनगणना में भाग लेने से इनकार कर दिया है। कुछ दिन सर्वे करने वाले लोग उनके घर गए थे, तो उन्होंने कहा- हम अपने घर पर सर्वेक्षण नहीं करवाना चाहते हैं। सुधा मूर्ति ने सर्वे फॉर्म में जानकारी भरने से इनकार करते हुए एक घोषणापत्र पर साइन किए हैं। इसमें उन्होंने लिखा- हम किसी भी पिछड़े समुदाय से नहीं हैं। इसलिए, उन समुदायों के लिए कराए जा रहे सरकार के सर्वे में भाग नहीं लेंगे।

---

नीतीश ने अपने हिस्से के सभी 101 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

# जदयू की आई दूसरी लिस्ट, 9 महिलाएं और 4 मुस्लिम उम्मीदवारों को दिया टिकट

**अनंत सिंह समेत 3 बाहुबलियों को उतारा, 37 विधायक रिपीट**

**सबसे ज्यादा 37 पिछड़ों को मौका, कुल 13 महिलाओं को किया शामिल**

**6 व 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे मतदान, 14 को आएंगे नतीजे**

एजेंसी ▶▶। पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने गुरुवार को दूसरी लिस्ट जारी कर 44 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है, जिसमें 9 महिलाएं और 4 मुस्लिम उम्मीदवार शामिल हैं। साथ ही जेडीयू ने बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आंनद को नबीनगर से चुनावी मैदान में उतारा है। इससे पहले जेडीयू ने पहली लिस्ट में 57 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था। इसके साथ ही जेडीयू ने अपनी सभी 101 सीट पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। साथ ही जेडीयू ने गोपाल मंडल का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पार्टी ने बुलो मंडल को टिकट दिया है।

जदयू की 101 लिस्ट में कुल 13 महिलाओं को शामिल किया गया है। 4 मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया गया है। 37 से ज्यादा सिटिंग विधायक हैं। 12 मंत्री हैं। जदयू ने कुल सीट बंटवारे में जातीय समीकरण का पूरा ख्याल रखा है। 37 पिछड़ा, 22 अति पिछड़ा, 22 सामान्य,04 अल्पसंख्यक और



एक अनुसूचित जनजाति को टिकट दिया गया है। गुरुवार को आई दूसरी लिस्ट में बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद को औरंगाबाद के नवीनगर से टिकट दिया गया है। 9 महिलाओं को शामिल किया गया है। 4 मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया गया है। जदयू ने अपने सिटिंग विधायकों पर फिर से भरोसा किया है। दूसरी लिस्ट में भी 19 विधायकों को फिर से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

### अनंत सिंह सहित 3 बाहुबलियों पर भरोसा



बुधवार को पहली लिस्ट में 57 कैंडिडेट के नाम थे। जिसमें 3 बाहुबलियों को टिकट मिला है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धूमल सिंह, कुचायकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतरा है। वहीं जदयू की पहली लिस्ट में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। 4 विधायकों का टिकट कटा है।

### चिराग के दावे वाली 5 सीटों पर जदयू ने उतारे कैंडिडेट



जदयू ने चिराग के दावे वाली 5 सीटों सोनबरसा, अलौली, राजगीर, एकमा और मोरबा पर भी जदयू ने कैंडिडेट उतारे हैं। नीतीश कुमार ने जिस तरह चिराग पासवान को मिली पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उससे लगा रहा है कि नीतीश कुमार ने सीट शेयरिंग पर एनडीए के फॉर्मूले को बिगाड़ दिया है। बता दें कि पासवान की एलजेपी (R) को 29 सीटें मिली है। इसमें से पांच पर अब जदयू के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

### मोदी-शाह के साथ पवन सिंह निरहुआ, भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट



*भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा भोजपुरी स्टार पवन सिंह, निरहुआ, मनोज तिवारी और रवि किशन का नाम भी शामिल है। पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को भी स्टार प्रचारक बनाया है।*

---

बिहार चुनाव : अब भी सीटों में उलझा है महागठबंधन!

# सहनी नाराज, राजद-कांग्रेस में नहीं बन पा रही सहमति



एजेंसी ▶▶। पटना

बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण करीब है, लेकिन महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेच में फंसा हुआ है।पहले चरण के नामांकन की आखिरी तारीख में सिर्फ 27 घंटे बाकी हैं, फिर भी किसी भी दल ने उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आंतरिक असहमति और छोटे सहयोगी दलों की नाराज़गी के कारण सीटों पर अंतिम बात नहीं बन रही है। मुख्य सहयोगी राजद, कांग्रेस और वामदलों ने अपने संभावित उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिए हैं, लेकिन औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। यही नहीं, बछवाड़ा सीट पर स्थिति और पेचीदा हो गई है। यहां CPI और कांग्रेस दोनों ने अपने उम्मीदवारों को सिंबल दे दिया है, जिससे सीट पर दोहरी दावेदारी सामने आ गई है।

### महागठबंधन से हैं मुकेश सहनी नाराज

इधर, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी भी महागठबंधन से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सहनी को सीटों की संख्या और चयन को लेकर आपत्ति है। वहीं आईपी गुप्ता ने भी गठबंधन से नाता तोड़ लिया है।

### गठबंधन का फार्मूला तय नहीं, लेकिन कांग्रेस की 48 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आई

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 48 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नजदीक आने के बीच यह ऐलान महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस और अन्य) में सीट बंटवारे की अनिश्चितता के बीच किया गया। कांग्रेस की यह सूची पहले और दूसरे चरण के कई महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करती है, लेकिन गठबंधन सहयोगियों के साथ अंतिम फॉर्मूला तय होने का इंतजार है। बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान कदवा से और पीसीसी अध्यक्ष राजेश राम कुटुम्बा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

---

# पंजाब डीआईजी को सीबीआई ने घूस लेते रंगे हाथ दबोचा

**शिकायत पर प्लानिंग के साथ बिछाया जाल**



एजेंसी ▶▶। चंडीगढ़

पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर पर भ्रष्टाचार के मामले में बड़ा एक्शन हुआ है। उन्हें चंडीगढ़ से दबोचा गया। सीबीआई ने रिश्वत की शिकायत मिलने पर ट्रैप लगाकर भुल्लर को गिरफ्तार किया। उन पर हर महीने 5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप हैं।

जानकारी के मुताबिक, सीबीआई पिछले कुछ दिनों से डीआईजी भुल्लर को मॉनिटर कर रही थी। उसी कड़ी में आज उन्हें सीबीआई की टीम ने पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद भुल्लर के चंडीगढ़ और रोपड़ के ठिकानों पर सीबीआई ने दबिश दी। हालांकि इस मामले में अभी तक सीबीआई ने आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा है।

### बहुत गोपनीय थी कार्रवाई

*रिपोर्ट्स के मुताबिक सीबीआई ने ये कार्रवाई पूरी गोपनीयता के साथ की थी। जैसे ही रिश्वत की रकम स्वीकार की गई, टीम ने मौके पर पहुंचकर डीआईजी भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी डीआईजी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। पंजाब पुलिस में कार्यरत हरचरण सिंह भुल्लर एसपीएस से आईपीएस बने थे। उनका जन्म 1967 में हुआ था। वह राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों में जाने जाते हैं। वे पटियाला रेंज के आईजी भी रह चुके हैं। इससे पहले वह रूपनगर रेंज के डीआईजी भी रह चुके हैं।*

---

# तालिबान ने चौराहे पर टांगी पाक सैनिकों की पैंट

## पाकिस्तान की 'इंटरनेशनल बेइज्जती'

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के साथ जारी संघर्ष में पाकिस्तान की सेना की एक बार फिर से 1971 वाली बेइज्जती हो गई है। इस संघर्ष में पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा करने वाले तालिबान लड़ाके न केवल वहां से हथियार लूट लाए, बल्कि उन्होंने भागने वाले पाकिस्तानी सैनिकों के पैंट्स तक को नहीं छोड़ा। लड़ाके उन सैनिकों के पैंट्स को भी ले आए और बाद उन्होंने इन पैंट्स और हथियारों को बीच चौराहे पर किसी ट्राफी की तरह टांग दिया। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए आसपास कई अफगानी लोग भी मौजूद रहे। अफगानिस्तान तालिबान और पाक सेना के बीच 48 घंटे तक लगातार संघर्ष जारी रहा था। इसके बाद एक युद्धविराम हुआ, जिसकी वजह थोड़ी शांति बनी हुई है।




### हथियार लहराते तालिबान लड़ाके

सोशल मीडिया साइट पर एक स्थानीय पत्रकार द्वारा शेयर की गई इन तस्वीरों में तालिबान लड़ाके बीच चौराहे पर पाक सैनिकों की पेंट और उनके हथियार लहराते हुए नजर आ रहे हैं। पत्रकार के मुताबिक तालिबान लड़ाकों का यह वीडियो पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत का है। एक और वीडियो में लड़ाके 4 पकड़े गए पाकिस्तानी सैनिकों की पैंट पकड़े दिखाई दे रहे हैं।

**ट्राफी की तरह लटकाया :** जुबनिश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी देते हुए बताया, 'डूरंड लाइन के पास पाकिस्तानी सेना की छोड़ी गई चौकियों पर तालिबान लड़ाकों ने कब्जा कर लिया था।

---

**नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण**
पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) 492002
कार्यालय दूरभाष : 0771-2512500, फैक्स: 0771.2512400,
वेबसाईट: www.navaraipuratalnagar.com
ई-मेल:ceo.nranvp-cg@gov.in

क्र. 8416/6(2)/144/संपदा/नराअनविप्रा/2017 दिनांक :16/10/2025

**राज्योत्सव स्थल में पार्किंग आबंटन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण**

नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्योत्सव स्थल सेक्टर-23, ग्राम-तूता नवा रायपुर अटल में दिनांक 01 नवम्बर 2025 से 05 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले राज्योत्सव के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिये लॉटरी द्वारा आबंटन हेतु नवा रायपुर अटल नगर के परियोजना प्रभावितों के पंजीकृत समितियों से दिनांक 17/10/2024 से 23/10/2024 तक दोपहर 12.00 बजे तक इस कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते है, उसी दिन 3.00 बजे नराअनविप्रा, पर्यावास भवन के तृतीय तल के सभाकक्ष में लॉटरी संपन्न की जावेगी।

(मु०कार्य०अधि० द्वारा अनुमोदित)

**प्रबंधक (संपदा)**
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

S-45626/1

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website: www.cspc.co.in E-Mail- ce.eht@cspc.co.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222

ED/LINE/Works/EE-I/TR-1143 &TR-1144/1660 Raipur, Date:15.10.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited for following EHV works on labour contract basis as detailed hereunder:

| TR No | Name of work | EMD (Rs) | Cost of tender form (Rs) (Incl. GST) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-1143 **RFX No. 8100046816** | Single coat Red Oxide and single coat Aluminium painting work of towers of 132 KV& 220 KV lines under EE (EHT: Maint.) Dn.Jagdalpur | 22,000/- | 2,000/- | 11.11.2025 |
| TR-1144 **RFX No. 8100046742** | Construction of LILO of 132 KV Kanker- Kondagaon line at proposed 132/33 KV Substation Keshkal (RL-01 KM) and 2nd circuiting of 132 KV Parchanpal--Jagdalpur line (RL-7.131 KM) | 42,120/- | 5,000/- | 12.11.2025 |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
CSPTCL, Raipur

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/HtoB/RNC/670
Date- 16.10.2025
**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Hardscaped & Softscaped Development from Hinoo Chowk to Birsa Chowk in Ranchi Jharkhand. |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 8,36,13,418.00/- (Rupees Eight Crore Thirty Six Lakhs, Thirteen Thousand, Four Hundred Eighteen) only. |
| 4 | Time of Completion | 06 Months |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee: Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only. **Non-Refundable.** Bid Security: Rs 8,37,000.00/- (Rupees Eight Lakhs Thirty-Seven Thousand) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 17.10.2025 at 15:00 Hrs. |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 07.11.2025 at 17:00 Hrs. |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 10.11.2025 at 17:00 Hrs. |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
PR 364299 Urban Development (25-26)_D JUIDCO Ltd, Ranchi

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
NIT No.: JUIDCO/NIT/A to H/Road/RNC/672 Date- 16.10.2025
**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Resurfacing/ Refurbishing work of Road from Airport to Hinoo Chowk in Ranchi Jharkhand. |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 9,65,17,858.00/- (Rupees Nine Crore Sixty-Five Lakhs, Seventeen Thousand, Eight Hundred Fifty-Eight) only. |
| 4 | Time of Completion | 06 Months |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee: Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only . **Non-Refundable.** Bid Security: Rs 9,66,000.00/- (Rupees Nine Lakhs Sixty-Six Thousand) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 17.10.2025 at 15:00 Hrs. |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 07.11.2025 at 17:00 Hrs. |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 10.11.2025 at 17:00 Hrs. |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
PR 364298 Urban Development(25-26)D JUIDCO Ltd, Ranchi


TEMPLE OF TRUST
Shri
MAHALAXMI
Jewellers
NATURAL DIAMOND JEWLLERY
हर आभूषण बने शुभ निवेश
शुभ धनतेरस
धनतेरस है
शुभ-लाभ का त्यौहार
जिसे महालक्ष्मी ज्वेलर्स
बनाएंगे आपके लिए यादगार
धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर होगी सौभाग्य की वर्षा
पधारिए महालक्ष्मी ज्वेलर्स,
जहाँ है हीरे के आभूषणों का अनोखा और
आकर्षक कलेक्शन।
धनतेरस शुभ मुहूर्त
18 अक्टूबर 2025 — दोपहर 12:19 से 19 अक्टूबर दोपहर 1:50 तक
18 अक्टूबर 2025 • 12:19 बजे से 4:30 बजे तक • 6:00 बजे से 7:30 बजे तक • 9:00 बजे से 1:30 (रात) तक
19 अक्टूबर 2025 • 7:30 बजे से 12:00 बजे तक • 1:30 बजे से 1:50 बजे तक
बेजोड़ डिजाइन | सर्टिफाईड डायमंड ज्वेलरी | न्यूनतम बनवाई
मुहूर्त के सोने-चांदी
के सिक्के उपलब्ध
100 % Buy Back on Diamond-Gold Value*
CODE OF ORIGIN
BIS 100% Hall Marked Jewellery
TEMPLE OF TRUST
श्री महालक्ष्मी ज्वेलर्स
Kotwali Chowk, Sadar Bazar, Raipur (C.G.) | /shrimahalaxmijewellerss
9820145138, 7738649471

MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS + *LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 2 10 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 52 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 65 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 85 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 23RD OCT ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

**UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 31ST OCT)##**

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 23rd October '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com